प्रतिरक्षण टीकों के प्रतिकूल प्रभाव

1155. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में प्रतिरक्षण टीकों के प्रतिकूल प्रभाव के कारण कुछ बच्चों की मृत्यु हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस कारण से प्रत्येक राज्य में कितने बच्चों की मृत्यु हुई ; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है अथवा किये जाने का विचार है

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) से (ग) देश में बहुत कम शिशुओं की मृत्यु होने की सूचना मिली है । इनमें वैक्सीनों के गलत प्रभाव के कारण तथा टीका लगाने के बाद ऐसे बच्चों की मृत्यु भी शामिल हैं, जिनकी मृत्यु का जन्म के बाद टीकाकरण से संबंध नहीं पाया गया । वैक्सीन के उपयोग और सेवन में त्रुटियों के कारण मृत्यु के खतरे को कम से कम करने के लिये संबंधित कार्मिकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाते हैं और पर्याप्त आपूर्तियां की जाती हैं । मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिये टीकाकरण के बाद होने वाली सूचित मौतों की विशेषज्ञों के दलों द्वारा जांच की जाती है । सूचित मृत्यु की संख्या संलग्न विवरण में दी गई है ।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान टीकाकरण के गलत प्रभाव के कारण बच्चों की सूचित मृत्यु का राज्यवार ब्यौरा

राज्य	1991	1992	1993
आंध्र प्रदेश	2	6	4
असम	5	—	1
बिहार	—	—	3
हरियाणा	1	1	4
कर्नाटक	8	—	—
केरल	1	—	—
मध्य प्रदेश	—	1	—
महाराष्ट्र	—	9	9
राजस्थान	—	—	4
तमिलनाडु	2	—	—
उत्तर प्रदेश	2	5	2
पश्चिम बंगाल	—	1	—
दिल्ली	—	—	1

Manufacture of Cancer Cawing Chemicals

1156. SHRI KANAK&TNH MOHAN-SINH MANGROLA:
SHRI ISH DUTT YADAV:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFTRE be pleased to state:

(a) whether a project for the manufacture of cancer-prone item Alfa OJafins and sul tone is being set up in the country with foreign collaboration;

lb) whether Government's clearance has been obtained for this project;

(c) if so, whether precautions have been taken for safe pinrding the general public from this health hazardous chemical; and

(d) if not, whether Government propose to investigate the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA):
(a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House,